PEACE PURSUIT™

आपसी मेलमिलाप करना मार्ग दर्शक

सबसे पहले, निम्नलिखित वर्णन में से अपनी परिस्थिति चुनें।

- आपको लगता है कि आप किसी के द्वारा व्यक्तिगत रूप से अपमानित हुए है या चोट पहुँची हैं।
- आपको लगता है कि किसी व्यक्ति ने किसी और को अपमानित किया या चोट पहुँचाई है।
- आपको लगता है कि आपने किसी को अपमानित किया या चोट पहुँचाई हैं।
- आपको दो लोग के बीच के झगड़े के विषय में बताया गया है।

अगला, अपने चिन्ह का अनुसरण करें।

भाग 1 पहले, परमेश्वर के पास आए

इससे पहले कि आप दूसरे व्यक्ति के साथ बात करने या न करने का फैसला करें, प्रार्थना करें और अपने चिन्ह के अनुसार इन चरणों को पूरा करें।

चुगली न करें

किसी अन्य व्यक्ति के बारे में अनुचित तरीके से किसी से बात न करें।

नीतिवचन 16:28, 25:8-10, 26:20

जाँचें

आपसी रिश्ते में किस तरह की समस्या है? क्या यह एक सांस्कृतिक अंतर है या सिर्फ वह लोग जिस के साथ बात नहीं बनती? क्या यह ग़लतफ़हमी या असहमति है? क्या यह ग़लतफ़हमी या असहमति है? क्या इसे पाप कहा जा सकता है? क्या यह समस्या अपूर्ण, अस्पष्ट, या असमान अपेक्षाओं से आया है? क्या ये अपेक्षाएँ स्पष्ट रूप से समझी गई हैं, क्या ये वैध, प्रेमपूर्ण और उचित हैं?

नीतिवचन 23:23, इफिसियों 4:25

मूल्यांकन करें

यदि आप व्यक्तिगत अपमान को अनदेखा कर सकते हैं, तो बात करना या ना करना आपकी इच्छा है। लेकिन ये समझें कि अपमान कितना गंभीर है। कैसे उनके शब्दों या व्यवहारों से लोगों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता हैं? क्या यह मसीह या चर्च के नाम के लिए हानिकारक है? क्या यह बाइबल के आधार पर अपमान न होकर स्पष्ट रूप से पाप है? क्या यह एक बार की या दोहराए जाने वाली गलती है? जितना गंभीर यह अपमान और उसका प्रभाव हैं, उतना अधिक आपको बात करनें की ज़रुरत है।

नीतिवचन 19:11, 1 पतरस 4:8, कुलुस्सियों 3:12-14, गलातियों 6:1-2, याकूब 5:19-20, तीतुस 1:7-9, मत्ती 18:15, फिलिप्पियों 2:2-4

सही तरीके से न्याय करें

क्या आपने पहले से निर्णय लिया है या समय से पहले निष्कर्ष निकाला है? क्या आप किसी भी पक्ष की ओर हैं? क्या आपने किसी का अपमान करके स्वीकार नहीं किया? या अपने अपमान को बड़ा-चढ़ा कर बोला है?

नीतिवचन 17:15, 18:17; लैव्यव्यवस्था 19:15; 1 तीमुथियुस 5:21; यूहन्ना 7:24; मत्ती 7:1-2

लठ्ठे को अपनी आंख से निकालें

इस समस्या में आपकी क्या गलती हैं? आपके दिल या दिमाग में क्या हो सकता है जो आपको समस्या को देखने से रोक सकता है, अपने आप को, या दूसरे व्यक्ति को वस्तुनिष्ठ रूप से या इश्वर के दृष्टिकोण से।

मत्ती 7:3-5, 1 पतरस 2:1

क्षमा करें

क्या आपने अपने दिल में और परमेश्वर के सामने दूसरे व्यक्ति को माफ कर दिया है? यदि वे आपके पास आकर पश्चाताप करते हैं क्या आप उन्हें क्षमा करने के लिए तैयार हैं? क्या आप दिल से परमेश्वर से ऐसी प्रार्थनाएं कर सकते हैं — “मैं उन्हें क्षमा करना चाहता हूँ जैसा आपने मसीह में मुझे क्षमा किया है।” “मैं उन्हें आपकी कृपा और दया से देखना चाहता हूँ।” “मेरे दिमाग और मन को नया हो जाने में मेरी मदद करें।” “मैं बीती हुई बातों को याद नहीं रखना चाहता।” “चोट के विषय में किसी से अनुचित बातें न करने में मेरी मदद करें।” “कृपया उन्हें प्रेम पूर्वक आशीष दीजिये।”

इफिसियों 4:31-32; नीतिवचन 17:9; कुलुस्सियों 3:13; फिलिप्पियों 4:8; मत्ती 6:14-15, 18:35

उचित सलाह ढूंढें (वैकल्पिक)

एक बुद्धिमान और निष्पक्ष व्यक्ति कैसे समझा सकते हैं कि आपको क्या करना हैं?

नीतिवचन 1:5, 12:15, 19:20

अपने मन का व्याखान करें

परमेश्वर से अपने इरादों को प्रकट करने के लिए कहें। बाइबल के आधार पर किसी से बात करने या नहीं करने की नियत को स्पष्ट करें। किसी को शर्मिंदा करने के लिए बात न करें। केवल अपने विवेक को शुद्व रखने के लिए ही बात न करें। क्रोध में बातचीत न करें। आपका डर, घमण्ड, या प्रेम की कमी उनसे बात करने में रुकावट न बनें ।

भजन संहिता 139:23-24

पश्चाताप करें

यदि आपने समस्या में किसी भी प्रकार की गलती की है, तो परमेश्वर और दूसरे व्यक्ति के सामने उसे अंगीकार करने के लिए तैयार रहें। आप अपने आप को नम्र कैसे कर सकते हैं? दूसरे व्यक्ति का सम्मान कैसे कर सकते हैं? और आपने जो किया उसका सच्चा खुलासा कैसे कर सकते हैं? इस प्रकार से अंगीकार करें — अपने गलती को माने, अपने गलती को स्पष्ट करे, बहाना न बनाए, दूसरों पर दोष न लगाए, खेद प्रकट करें। यदि यह पाप है, तो बाइबिल के आधार पर इसका वर्णन करें। दर्शाए कि जो दर्द और तकलीफ उन पर हुआ है उस के लिए आप खेदित हैं, और उनसे पूछे कि क्या और मुझसे कोई गलती तो नहीं हुई हैं। उनसे पूछें कि क्या और कुछ है जिसकी आपको जिम्मेदारी लेने की आवश्यकता है।

मत्ती 5:23-24, कुरिन्थियों 7:8-11, नीतिवचन 28:13, याकूब 4:6

मेल-मिलाप के लिए सही व्यक्ति को चुनें

क्या आप दूसरे से बात करने के लिए सही व्यक्ति हैं? यदि आप नहीं हैं, तो कौन हो सकता है?

नीतिवचन 26:17, मत्ती 7:12

परिणाम के महत्व पर द्यान दें

यदि आप दूसरों से बात नहीं करते, तो आप के लिए, दूसरों के लिए, और बाकी सब के लिए क्या परिणाम होगा?

गलतियों 6:1-2, लैव्यव्यवस्था 19:17-18, इब्रानियों 10:24

प्रेम के साथ तैयारी करें

जैसा आप दुसरों से अपेक्षा करते है वैसा ही आप उन के साथ व्यवहार करें। दूसरों से मिलने से पहले अपनी योजना और उपदेश्य की समीक्षा करें।

मत्ती 7:12, गलातियों 6:1, नीतिवचन 25:8-10, फिलिप्पियों 2:2-4

जब कोई आपके पास किसी ऐसे संघर्ष के बारे में बात करने के लिए आता है जिससे आपका कोई तालुक नहीं, तो पहले यह तय करें कि क्या आप इस व्यक्ति कि मदद करने के लिए उपयुक्त हैं या नहीं? यदि आप हैं, तो प्रार्थना करें और उनकी भूमिका को पहचानने में उनकी मदद करें। तब इन बिंदुओं का पालन करें :

चुगली न करें
किसी अन्य व्यक्ति के बारे में अनुचित तरीके से किसी से बात न करें।
नीतिवचन 16:28, 25:8-10, 26:20

पक्षपात न करें
इस व्यक्ति को दूसरे पक्ष के नज़रिये को देखने में मदद करें। और साथ ही साथ उनके स्वयं के दृष्टिकोण को भी देखने में मदद करें। प्रेम में सत्य बोलें।
नीतिवचन 18:17, इफिसियों 4:15, तीमुथियुस 5:21

सही सलाह दें
चरण 1 के सभी उचित कदमो में इस व्यक्ति को उनकी भूमिका के लिए बुद्धिमानी से मार्गदर्शन करें। "पर जो ज्ञान ऊपर से आता है वह पहिले तो पवित्र होता है फिर मिलनसार, कोमल और मृदुभाव और दया, अच्छे फलों से लदा हुआ और पक्षपात और कपट रहित होता है।" याकूब 3:17

सभी विश्वासियों के लिए एक दूसरे से परमेश्वर की अपेक्षाएं

- एक दूसरे के साथ शांति से रहो (मरकुस 9:50)
- एक दुसरे से प्रेम रखो (यूहन्ना 13:34)
- एक दूसरे के प्रति समर्पित रहो (रोमियों 12:10)
- एक दूसरे के प्रति समर्पित रहो (रोमियों 12:10)
- एक दूसरे के साथ सद्भाव से जियो (रोमियों 12:16)
- एक दूसरे पर दोष न लगाओ (रोमियों 14:13)
- एक दूसरे को ग्रहण करो (रोमियों 15:7)
- एक दूसरे को सिखाओ (कुलुस्सियों 3:16)
- एक दूसरे को चिताओ (कुलुस्सियों 3:16)
- एक दूसरे को समझाते रहो (इब्रानियों 10:25)
- एक दूसरे की सेवा करो (गलातियों 5:13)
- एक दूसरे का बोझ उठाओ (गलातियों 6:2)
- एक दूसरे को दीनता और नम्रता सहित सह लो (इफिसियों 4:2)
- एक दूसरे के प्रति दयालु और करूणामय बनो (इफिसियों 4:32)
- एक दूसरे के अपराध क्षमा करो (इफिसियों 4:32, कुलुस्सियों 3:13)
- एक दूसरे के आधीन रहो (इफिसियों 5:21)
- एक दूसरे से झूठ मत बोलो (कुलुस्सियों 3:9)
- एक दूसरे को दिलासा दो (2 कुरिन्थियों 13:11)
- एक दूसरे की उन्नति के कारण बनो (1 थिस्सलुनीकियों 5:11)
- एक दूसरे की बुराई न करो (याकूब 4:11)
- एक दूसरे के खिलाफ मत बड़बड़ाओ (याकूब 5:9)
- एक दूसरे से अपनी गलती स्वीकार करो (याकूब 5:16)
- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करो (याकूब 5:16)
- एक दूसरे के साथ संगति करो (1 यूहन्ना 1:7)
- एक दूसरे को प्रोत्साहित करो (1 थिस्सलुनीकियों 4:18)
- एक दूसरे की भलाई करने पर तत्पर रहो (1 थिस्सलुनीकियों 5:15)
- एक दूसरे को भड़काओ मत (गलातियों 5:26)
- "एक दूसरे को अपने से ज्यादा महत्वपूर्ण समझें; अपने हित का ही नहीं, लेकिन दूसरों के हित का भी ध्यान रखें (फिलिप्पियों 2:3-4)

भाग 2 यदि उचित हो, तो दूसरे व्यक्ति से मिलें

(मेलमिलाप के लिए आपको एक से ज़्यादा बार बात करने की ज़रूरत हो सकती है।)

प्रेम से मिलें यदि आप उनकी जगह होतें तो वह समय, स्थान और स्वभाव को जिस तरह से आप करना चाहते है वैसे करें।
मत्ती 7:12, गलातियों 6:1, नीतिवचन 25:8-12

ईश्वर-सम्माननिय भाषा का उपयोग करें "मैं" कथनों का उपयोग्य करें। दोष रहित बातों का उपयोग करें। शांत और कोमाल स्वभाव रखें। उत्तेजित न हों। किसी भी अपमान को बाइबल की बातों से स्पष्ट करें।
इफिसियों 4:29; नीतिवचन 15:1, 25:11-12

हृदय पूर्ण अंगीकार करें
हमारा अंगीकार स्पष्ट रूप, संपूर्ण, सच्चाई, नम्रता, आदरपूर्ण, और पश्चातापी मन से होना ज़रूरी है।
2 कुरिन्थियों 7:8-11, नीतिवचन 28:13

सुनें सुनने में तेज, बोलने में धीमा और क्रोध करने में धीमा हो। दूसरे व्यक्ति की बात ध्यान से सुनें।
याकूब 1:19; नीतिवचन 18:17, 25:12

क्षमा करें यदि दूसरा व्यक्ति आपके प्रति अपमान का पश्चाताप करता है, तो उन्हें अपनी व्यक्तिगत क्षमा प्रदान करें। लूका 17:3-4

अगर वे क्षमा और शुद्धता दे तो उसे ग्रहण करें
1 यूहन्ना 1:9

जितनी भी गलती सुधारना संभव है, सुधारें
मत्ती 3:8, इब्रानियों 12:11, गलातियों 6:7-8

क्यों आपसी मेलमिलाप हासिल करना चाहिए?

- हासिल करें - जो मेलमिलाप और उन्नति को बढ़ाते है, उसे हासिल करें।
  रोमियों 14:19
- प्रयास करें - सभी के साथ मेलमिलाप करने का प्रयास करें।
  इब्रानियों 12:14
- मेहनत करें - मेलमिलाप के बंधन से आत्मा की एकता को बनाए रखने की मेहनत करें।
  इफिसियों 4:3
- अपनी शक्ति में सब कुछ करें - जब तक हो सके अपनी शक्ति में, सभी के साथ मेलमिलाप रखें।
  रोमियों 12:18

आपसी मेलमिलाप हासिल करना - पाँच मूल तत्व

1. परमेश्वर चाहता है कि आप सभी लोगों के साथ मेलमिलाप रखें।
2. आप जैसे दूसरों के साथ संबंध रखते है वो आपका संबंध परमेश्वर के साथ दर्शाता और उस पर प्रभाव डालता है।
3. सभी के साथ परमेश्वर द्वारा बनाये गये और प्रेम किए गए व्यक्ति के रूप में व्यवहार करें।
4. बिना किसी भेद-भाव या पक्षपात के सभी के साथ एक जैसा व्यवहार करें।
5. जब आप बाइबल के अनुसार मेलमिलाप करते है तो हर कोई आशिषित होता है।